Title: Need to start work on Rahu Ghat hydro-power project in Karoli district of Rajasthan − Laid.

श्रीमती जसकौर मीणा (सवाई माधोपुर): विद्युत के क्षेत्र में निजी भागेदारी को प्रोत्साहन करने के उददेश्य से देश में 57 निजी विद्युत परियोजनाओं को स्वीकृत किया गया है, जिनकी कुल उत्पादन क्षमता 29375 मेगावाट है। जिनमें से राजस्थान की मात्र कुछ परियोजनाएं हैं, जिनकी उत्पादन क्षमता मात्र 1302 मेगावाट ही है। माननीय अध्यक्ष जी मैं राजस्थान के चम्बल नदी पर रहू घाट पन बिजली परियोजना करौली के सन्दर्भ में निवेदन करना चाहती हूं। रहू घाट पन बिजली परियोजना का सर्वे पूर्ण हो चुका है। मध्य प्रदेश एवं राजस्थान सरकार के मध्य विचार विमर्श करके शीघ्रातिशीघ्र रहू घाट पन बिजली परियोजना को प्रारंभ किया जाये। राजस्थान व मध्य प्रदेश में रहू घाट इलाके में बार-बार अकाल पड़ता है और पेयजल संकट है, इस क्षेत्र में बिजली की कमी के कारण लाखों एकड़ भूमि की फसल इस साल बरबाद हो चुकी है। चम्बल नदी का अथाह जल बह कर जमुना में चला जाता है और किसान पानी के लिए तरसते हैं। इस जल को रोकने से लोगों को बिजली, पानी तो मिलेगा ही साथ ही पर्यावरण संरक्षण के महत्व को भी बचाया जा सकता है।

अतः माननीय अध्यक्ष जी मैं आपके माध्यम से ऊर्जा मंत्री जी से अनुरोध करना चाहती हूं कि राजस्थान के करौली जिले की चम्बल नदी पर रहू घाट पन बिजली परियोजना को अतिशीघ्र शुरू करने हेतु आदेश पारित करने का कट करें।

(इति)